## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 29.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- जीएसटी की नई दरों से कारोबार हुआ सुगम, राज्य के व्यापारियों और उपभोक्ताओं में उत्साह, प्रधानमंत्री का जताया आभार ।
- सारंडा जंगल को वन्यजीव अभ्यारण्य घोषित करने को लेकर गठित मंत्रियों का दल कल जाएगा सारंडा, कई पहलुओं पर अध्ययन कर सौंपेगा रिपोर्ट।
- जेल में बंद शराब और भूमि घोटाला के आरोपी कारोबारी विनय सिंह के हजारीबाग शोरूम को एसीबी ने किया सील, गुमला के एक शो रूम में आज छापेमारी जारी।
- केंद्र सरकार ने पीएम ई–ड्राइव योजना के तहत देश में 72 हजार 300 सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के जारी किए दिशा निर्देश ।
- और विश्व हृदय दिवस आज, लोगों को हद्य रोगों के बारे में जागरूक करना और बचाव के लिए प्रेरित करना उद्देश्य।

*******************

जीएसटी की नई दरों से कारोबार काफी सुगम हो गया है । राज्य के व्यापारियों और उपभोक्ताओं में इसे लेकर काफी उत्साह है। हजारीबाग में त्यौहार के इस मौके पर लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। वस्त्र विक्रेता संघ के सचिव सुनील गुप्ता ने कहा कि जीएसटी दर कम होने से बाजार की स्थिति काफी अच्छी हो गई है।

वहीं ग्राहकों ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। .

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल को वन्य जीव अभ्यारण्य घोषित करने को लेकर मंत्रियों का दल कल सारंडा का दौरा करेगा। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता वाली टीम में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव और कल्याण मंत्री चमरा लिंडा शामिल हैं। मंत्रियों की टीम क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक पहलुओं की सिफारिशें राज्य सरकार को सौंपेगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरणा लेते हुए परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में, हम आपको जानकारी दे रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के माध्यम से ढांचागत विकास को क्रांतिकारी बनाया है।

*******************

हजारीबाग में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ,एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। जेल में बंद शराब और भूमि घोटाला के आरोपी कारोबारी विनय सिंह के हजारीबाग शोरूम को एसीबी ने सील का दिया है । अधिक जानकारी दे रहे हैं हमारे हजारीबाग संवाददाता।

इधर हमारे गुमला संवाददाता ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित नेक्सजेन महिंद्रा शोरूम में सुबह से एसीबी की छापेमारी चल रही है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

केंद्र सरकार ने पीएम ई–ड्राइव योजना के अंतर्गत पूरे देश में लगभग 72 हजार 300 सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के दिशानिर्देश जारी किये हैं। भारी उद्योग मंत्रालय के अनुसार, यह स्टेशन सरकारी परिसरों, राजमार्गों, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों और वाणिज्यिक परिसरों में स्थापित किये जायेंगे। दिशानिर्देशों के अनुसार, सरकारी कार्यालय, आवासीय कॉलोनियाँ, अस्पताल और शैक्षणिक संस्थान में बुनियादी ढाँचे और चार्जिंग उपकरणों पर 100 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। इन केन्द्रों पर मुफ्त सार्वजनिक पहुँच आवश्यक होगी।

*******************

आज नवरात्रि का सातवां दिन महासप्तमी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में देवी माता के आशीर्वाद से सबके कल्याण की कामना की है ।उन्होंने लिखा है कि देवी मां के चरणों में नमन और वंदन! प्रधानमंत्री ने कामना की है कि माता दुर्गा सभी के दुखों को दूर कर उनके जीवन में नए तेज का संचार करें। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्य की सुख समृद्धि की कामना की है।

*******************

जामताड़ा जिले के शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्रि को लेकर संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

*******************

आकाशवाणी के रांची केन्द्र में आज हिंदी दिवस पखवाड़ा का समापन हो गया । बतौर मुख्य अतिथि मौजूद दूरदर्शन रांची केन्द्र के पूर्व निदेशक प्रमोद कुमार झा ने हिंदी के प्रयोग पर बल दिया और कहा कि हिंदी पूरे देश की संपन्न भाषा है

*******************

रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराबादी में चल रही 64 वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन कल एथलीटों ने बेहतर प्रदर्शन किया। कुल 13 फाइनल मुकाबलों में  कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर रिकॉर्ड भी तोड़े।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 6 हजार 500 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 48 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

भारत का शेयर बाजार आज सुबह के कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ खुला। सेंसक्स 330 अंकों की बढ़त के साथ 80 हजार 750 पर और निफ्टी 110 अंकों की बढ़त के साथ 24 हजार 765 पर कारोबार कर रहा था।

*******************

आज विश्व हृदय दिवस है। इसका उद्देश्य लोगों को हृद्य रोगों के बारे में जागरूक करना और बचाव के लिए प्रेरित करना है।  इस साल की थीम है  "एक भी धड़कन न चूकें"।

*******************